आज़ादी का अमृत महोत्सव

कार्यालय प्राचार्य भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक, धमतरी (छ.ग.)
ई-मेल polydmt@rediffmail.com

क्रमांक 122 /पूर्व छात्र प्रकोष्ठ/2025 धमतरी, दिनांक 09/04/2025

**दिनांक 02.04.2025 को बीआरपी शासकीय पॉलिटेक्निक, धमतरी में आयोजित**
**पूर्व छात्र प्रतिनिधियों की बैठक का कार्यवाही विवरण**

दिनांक 02.04.2025 को बीआरपी शासकीय पॉलिटेक्निक, धमतरी में पूर्व छात्र प्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में 15 पूर्व छात्र प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री रोमा श्रीवास्तव, आईएएस, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, धमतरी द्वारा की गई। इस अवसर पर उद्योग विभाग के महाप्रबंधक एवं डीएसडीए के सहायक निदेशक भी उपस्थित रहे। संस्थान के प्राचार्य, सभी संकाय सदस्य एवं अन्य कर्मचारी भी बैठक में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का प्रारम्भ सरस्वती वंदना और मुख्य अतिथि व पूर्व छात्रों के स्वागत से प्रारम्भ हुआ।

2. श्री जी.आर. साहू, प्राचार्य , बीआरपी शासकीय पॉलिटेक्निक धमतरी, जो कि इस संस्थान से वर्ष 1981 में उत्तीर्ण पूर्व छात्र भी हैं, ने बताया कि वर्तमान में राज्य में 37 शासकीय पॉलिटेक्निक और 3 शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज हैं। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी 11 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में राज्य शासन द्वारा 'छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट्स ऑफ टेक्नोलॉजी' स्थापित किये जाने का प्रस्ताव है, जिनमें से चार संस्थाओं को आगामी शैक्षणिक सत्र 2025–26 में प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है।

उनके द्वारा जानकारी दी गई कि कुरुद, जिला धमतरी में एक नया शासकीय पॉलिटेक्निक आगामी शैक्षणिक सत्र 2025–26 प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने संस्थान में प्रवेश की स्थिति एवं इसमें सुधार लाने तथा नये शासकीय पॉलिटेक्निक के कुरुद की स्थापना के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

उन्होंने पूर्व छात्रों का ध्यान **"पूर्व छात्रों की समिति (Alumini Association)"** के गठन के उद्देश्यों की ओर आकृष्ट किया, जो इस प्रकार हैं –

1.**पूर्व छात्रों का डेटा संग्रहः** पूर्व छात्रों की संपर्क जानकारी और व्यावसायिक विवरण एकत्र करना और अद्यतन (Update) करना।

2.**पूर्व छात्र मिलन (Alumni Meet):** नियमित अंतराल पर पूर्व छात्रों के साथ पुनर्मिलन कार्यक्रम आयोजित करना।

3.**कैरियर मार्गदर्शन एवं सलाहः** वर्तमान छात्रों के लिए करियर परामर्श सत्रों का आयोजन।

4.**उद्योग एवं अकादमिक सहयोगः** पूर्व छात्रों के माध्यम से उद्योगों के साथ संस्थान के सहयोग को बढ़ावा देना।

5.**छात्रवृत्ति एवं वित्तीय सहायताः** जरूरतमंद और मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता एवं छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने में पूर्व छात्रों की भागीदारी

6.**संस्थान के विकास में योगदानः** बुनियादी ढांचे के विकास, शोध कार्य, एवं अन्य गतिविधियों में पूर्व छात्रों की सहभागिता।

2. माननीय मुख्य अतिथि ने पूर्व छात्रों की भूमिका और संस्थान के प्रति उनके उत्तरदायित्व पर जोर दिया। उन्होंने निम्नलिखित कार्य करने के निर्देश दिए:

(i) उत्तीर्ण वर्ष वार (batch wise) पूर्व छात्रों का डेटाबेस 15 दिनों के भीतर तैयार किया जाए।

(ii) पूर्व छात्रों का वेब पोर्टल तैयार किया जाए, जिससे सभी पूर्व छात्र अपनी प्रोफाइल अपलोड कर सकें।

(iii) प्रति वर्ष कम से कम एक बार पूर्व छात्रों का मिलन (Alumini Meet) का आयोजन किया जाए।

(iv) संस्था में राज्य के सभी संस्थानों को शामिल करते हुए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाए।

(v) उन्होंने बी आर पी शासकीय पॉलिटेक्निक धमतरी में एन आई टी रायपुर के सहयोग से इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित करने की जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने बताया कि मई /जून 2025 में जिला प्रशासन द्वारा धमतरी में एक मेगा प्लेसमेंट फेयर का आयोजन किया जाएगा।

3. संस्था से वर्ष 1981 में उत्तीर्ण श्री नरेंद्र कुमार गौर एवं सेवानिवृत्त महाप्रबंधक, भारी वाहन कारखाना, चेन्नई, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) ने पूर्व छात्रों की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किये :

(i) पूर्व छात्र वर्तमान छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं।

(ii) वे अपने व्यापक संपर्कों के माध्यम से इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के अवसर प्रदान करने में सहायक हो सकते हैं।

(iii) उन्होंने रक्षा उपकरण निर्माण में अपने अनुभव साझा किए, जहाँ विशेषज्ञों की सलाह से उन्नत उत्पाद तैयार किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि वे छात्रों के साथ मिलकर वास्तविक समस्या समाधन (Live Problem Solving) में भी कार्य किया।

(iv) उन्होंने छात्रों को संस्थान में ज्ञान अर्जित करने और करियर में सफल होने पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी।

(v) उन्होंने शिक्षण और अधिगम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (A I) के उपयोग पर जोर दिया। वर्तमान उद्योग आवश्यकताओं के अनुसार पाठ्यक्रम में सुधार करने का सुझाव दिया। नवाचार और नई सोच के महत्व को रेखांकित किया।

4. श्री जे.पी. गोस्वामी, महाप्रबंधक, सी एस आई डी सी धमतरी ने यू एस ए में सिलिकॉन वैली की स्थापना का उदाहरण देकर पूर्व छात्रों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने पूर्व छात्रों से आग्रह किया कि वे अपने संपर्कों के माध्यम से कम से कम एक छात्र को रोजगार दिलाने का लक्ष्य रखें। उन्होंने समाज को योगदान देने की जिम्मेदारी पर भी जोर दिया।

5. बैठक में निर्णय लिया गया कि बी आर पी शासकीय पॉलिटेक्निक धमतरी के **पूर्व छात्रों की समिति (Alumini Association)** का छत्तीसगढ़ सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1973 के तहत पंजीकृत किया जाएगा। इस सोसायटी के पदाधिकारी पूर्व छात्रो में से ही होंगे। प्रत्येक उत्तीर्ण वर्ष (Batch) से एक पूर्व छात्र को भी पदाधिकारी के रूप में शामिल किया जाएगा, जो उस बैच की गतिविधियों के लिए समन्वय का कार्य करेंगे।

6. बी आर पी शासकीय पॉलिटेक्निक धमतरी की शैक्षणिक , सह पाठ्यक्रम एवं पाठ्येतर गतिविधियों का संक्षिप्त प्रस्तुतिकरण दिया गया।

7. बैठक का समापन श्री जयप्रकाश दांडेसेना, व्याख्याता (विद्युत अभियांत्रिकी) एवं पूर्व छात्र प्रकोष्ठ (Alumini Cell) के प्रभारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

**प्राचार्य**
**भोपाल राव पवार**
**शासकीय पॉलीटेक्निक, धमतरी (छ.ग.)**

पृ. क्रमांक 123 /पूर्व छात्र प्रकोष्ठ/2025 धमतरी, दिनांक 09/04/2025
प्रतिलिपि :–

01. संचालक, तकनीकी शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ।
02. कलेक्टर, जिला धमतरी (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ।
03. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जिला धमतरी (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ।
04. रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानन्द तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ।
05. भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक धमतरी (छ.ग.) के पूर्व छात्रों को सादर सूचनार्थ।
06. स्थापनाखण्ड/छात्रखण्ड – संस्था।
07. गार्ड फाईल।

09-04-2025

**प्राचार्य**
**भोपाल राव पवार**
**शासकीय पॉलीटेक्निक, धमतरी (छ.ग.)**